जी. जी. वी. स्वाभिमान थाली

गुरु घासीदास विश्वविद्यालय (केंद्रीय विश्वविद्यालय) बिलासपुर, छत्तीसगढ़

द्वारा

राष्ट्रीय सेवा योजना, गुरु घासीदास विश्वविद्यालय, बिलासपुर

उद्देश्य: स्वाभिमान थाली योजना जरूरतमंद एवं आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के विद्यार्थियों को न्यूनतम दर पर स्वस्थ एवं पौष्टिक भोजन प्रदान करना।

प्रारंभ : यह योजना 26 जनवरी 2023 से विश्वविद्यालय के जरूरतमंद छात्रों के लिए आरंभ किया गया हैं ।

प्रबंधन: यह योजना विश्वविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयं सेवकों के द्वारा संचालित किया जाता हैं जिसमें भोजन के प्रबंधन, संचालन से लेकर वितरण तक शामिल रहता हैं। इसके अंतर्गत दोपहर के भोजन के समय (दोपहर 12.30 बजे से दोपहर 2 बजे तक) पहले आओ पहले पाओ के आधार पर मात्र ₹10 में जरूरतमंद छात्रों को भोजन का कूपन दिया जाता हैं। प्रत्येक रासेयो इकाई अपने संबंधित कार्यक्रम अधिकारियों के निर्देशन में क्रमानुसार दो सप्ताह के लिए अपनी सेवा प्रदान करते हैं। इस योजना के लिए स्वयंसेवकों द्वारा प्रदान की गई सेवा को रासेयो के नियमित गतिविधियों में व्यतीत किये गए घंटों के रूप में गिना जाता हैं।
वार्षिक रिपोर्ट: गुरु घासीदास केंद्रीय विश्वविद्यालय द्वारा निरंतर अनेकों प्रयत्न किए जाते हैं जिससे समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाया जा सके, जिसमें से एक है स्वाभिमान थाली। 26 जनवरी 2023 से इस अनूठी पहल के माध्यम से विश्वविद्यालय में अध्ययनरत जरूरतमंद विद्यार्थियों को मात्र ₹10 में भरपेट भोजन प्रतिदिन दिया जाता है।

स ... रूप से कमजोर वर्ग के
वि ... भोजन प्रदान करने के लिए
प्र ... दान के द्वारा संचालित किया
ज

स्वाभिमान थाली में प्रदान किया जाने वाला भोजन पौष्टिक होने के साथ ही बेहद स्वादिष्ट भी होता है जो कि विश्वविद्यालय में स्वाभिमान थाली के लिए विद्यार्थियों की उत्सुकता देखकर अनुमान सहज ही लगाया जा सकता है । साथ ही इसकी सबसे दिलचस्प बात यह है की स्वाभिमान थाली का पूरा प्रबंधन राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों द्वारा ही किया जाता है। जिसके पीछे का उद्देश्य है कि अध्ययनरत विद्यार्थियों में प्रबंधन की कला का विकास किया जा सके और इस योजना के माध्यम से निश्चित रूप से इस उद्देश्य में सफलता मिलती दिखाई दे रही हैं। गुरु घासीदास स्वाभिमान थाली की चर्चा एवं प्रशंसा राष्ट्र स्तर पर की जा रही है व दूर-दूर से लोग इसका स्वाद चखने विश्वविद्यालय आते हैं। स्वाभिमान खाली को लेकर विद्यार्थियों में काफी उत्साह एवं लगाव को देखते हुए, शुरुआत (जनवरी 2023) में थालियों की संख्या 100 थी, जिसे बाद (मार्च 2023) में 300 की गई तथा पुनः (अप्रैल 2023) में इसकी संख्या 500 कर दी गई।

स्वाभिमान थाली योजना की कुछ झलकियां:

कार्यक्रम समन्वयक
Programme Coordinator
रा.से.यो. प्रकोष्ठ/N.S.S. Cell
गुरू घासीदास विश्वविद्यालय
Guru Ghasidas Vishwavidyalaya,
बिलासपुर (छ.ग.)/Bilaspur (C.G.)

-------------समाप्त ------------